चित्रकूट पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियो टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2). बारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत दिनांक 15 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे योग सप्ताह के क्रम में आज दिनांक 16.06.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**
**कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक श्री रामाशीष यादव की उपस्थिति में जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के प्रभारी योग विभाग श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं उनके सहयोगियों द्वारा पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय तथा विभिन्न शाखाओं में तैनात पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।**
**योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित पुलिस कर्मियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए सभी को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। योगाभ्यास के दौरान बताया गया कि "योग भारतीय संस्कृति एवं प्राचीन ज्ञान परम्परा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज सम्पूर्ण विश्व ने अपनाया है। भारत की इस महान विधा ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन एवं आत्मबल का मार्ग प्रदान किया है। हमें गर्व होना चाहिए कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई तथा आज यह वैश्विक स्तर पर सम्मानित एवं स्वीकार्य है। आने वाली पीढ़ियों को योग की इस धरोहर से जोड़ना हम सभी का दायित्व है।"साथ ही यह भी बताया गया कि "योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं सशक्त बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर आत्मसंयम, अनुशासन, एकाग्रता एवं मानसिक स्थिरता का भी विकास करता है। वर्तमान समय की व्यस्त एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का सबसे प्रभावी माध्यम योग है।"**
**कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिस कर्मियों से नियमित रूप से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया गया, जिससे वे स्वयं स्वस्थ रहकर समाज की बेहतर सेवा कर सकें।**

(3).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकांत राय एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में एसओजी व कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम द्वारा 02 माह से लापता नगर पालिका कर्मी जगदीश प्रसाद पुत्र स्व0 गोरेलाल निवासी लक्ष्मनपुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गौतम श्रषि आश्रम मथुरा वृन्दावन से बरामद किया गया।

**बरामद व्यक्ति का विवरणः-**

जगदीश प्रसाद पुत्र स्व0 गोरेलाल निवासी लक्ष्मनपुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट

**बरामदगी का स्थान, दिनांक व समयः-**

गौतम श्रषि आश्रम मथुरा वृन्दावन, दिनांक 15.06.2026 समय 12.23 बजे

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 19.04.2026 को श्री उदय कुमार पुत्र श्री जगदीश प्रसाद, निवासी लक्ष्मणपुरी, डॉ. सीताराम के बगल वाली गली, कर्वी, जनपद चित्रकूट द्वारा अपने पिता श्री जगदीश प्रसाद (उम्र 45 वर्ष) के गुम होने की सूचना थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट में दर्ज कराई गई थी। गुमशुदा की तलाश हेतु पुलिस द्वारा उनके संभावित ठिकानों, जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, ढाबों आदि स्थानों पर खोजबीन की गई, किन्तु कोई लाभप्रद सूचना प्राप्त नहीं हो सकी। इसके उपरांत गुमशुदा के संबंध में उनकी पुत्री सोनिया (उम्र 23 वर्ष) निवासी उपरोक्त द्वारा दिनांक 13.05.2026 को एक लिखित तहरीर दी गई, जिसके आधार पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0-266/2026, धारा 140(3) बीएनएस एवं 67

आईटी एक्ट के अंतर्गत गुलशन कुमार पुत्र अज्ञात, पता अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। काफी प्रयास के बाद वांछित अभियुक्त गुलशन कुमार पुत्र शम्भू प्रसाद, निवासी मुबारकपुर, थाना इस्लामपुर, जनपद नालंदा (बिहार) का पता लगाया गया। इसके बाद अभियुक्त अपने माता-पिता के साथ उपस्थित हुआ। दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर तथा अलग-अलग पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि गुमशुदा की पुत्री सोनिया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु दिल्ली के मुखर्जी नगर में रह रही थी। पीजी में रहने के दौरान उसकी जान-पहचान गुलशन कुमार से हुई और दोनों कुछ समय तक मित्र के रूप में संपर्क में रहे। बाद में दोनों के बीच दूरियां बढ़ गईं। इसी दौरान गुलशन कुमार द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ आपत्तिजनक/अनुचित पोस्ट एवं संदेश भेजे गए, जिससे परिवार में असंतोष उत्पन्न हुआ और परिजनों ने सोनिया को वापस चित्रकूट बुला लिया। पूछताछ के दौरान गुमशुदा जगदीश प्रसाद के संबंध में कोई लाभप्रद जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

दिनांक 13.06.2026 को गुमशुदा जगदीश प्रसाद के साले राहुल पुत्र कल्याणदास के मोबाइल नंबर पर एक फोन कॉल प्राप्त हुई। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम कृष्णा महाराज उर्फ कुलदीप बताते हुए जानकारी दी कि जगदीश प्रसाद पिछले डेढ़-दो माह से उनके साथ रह रहे हैं। उक्त सूचना राहुल द्वारा थाना पुलिस को दी गई।

प्राप्त सूचना एवं लोकेशन के आधार पर सर्विलांस/एसओजी तथा थाना कोतवाली कर्वी की संयुक्त टीम मथुरा-वृंदावन पहुंची। खोजबीन के दौरान गौतम ऋषि आश्रम में चल रहे भंडारे में प्रसाद वितरण करते हुए जगदीश प्रसाद मिले, जिनकी पहचान उनके साले राहुल द्वारा की गई।

पूछताछ में जगदीश प्रसाद ने बताया कि वे अपनी स्वेच्छा से मथुरा-वृंदावन आए थे। उनका किसी व्यक्ति द्वारा अपहरण नहीं किया गया था तथा न ही किसी ने उन्हें जबरन वहां लाया था। इस प्रकार जांच के दौरान अपहरण की आशंका असत्य पाई गई तथा गुमशुदा सकुशल बरामद कर लिए गए।

**<u>बरामद करने वाली एसओजी/सर्विलांस टीम का नाम-</u>**

1.मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुशवाहा
2.मुख्य आरक्षी नितेश समाधिया
3. आरक्षी रोहित सिंह
4. आरक्षी गोलु भार्गव
5..आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
6.आरक्षी पवन राजपूत
9.आरक्षी रोशन सिंह

**<u>बरामद करने वाली थाना कोतवाली कर्वी टीमः-</u>**

1.उ0नि0 विवेक कुमार सिंह
2.रि0का0 संजीत यादव

(4).पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय चलाये जा रहे मादक पदार्थों का विनष्टीकरण/निस्तारण "ऑपरेशन दहन" के क्रम में माननीय न्यायालय एन0डी0पी0एस0 एक्ट/अपर सत्र कोर्ट चित्रकूट के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर श्री यामीन अहमद (जिला ड्रग डिस्पोजल कमेटी सदस्य) की उपस्थिति में थाना कोतवाली कर्वी के 15, थाना बरगढ के 06 मुकदमों कुल 21 मुकदमों के कुल 40.560 किलोग्राम नाजायज गांजा का विनष्टीकरण किया गया ।